हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार 15 अप्रैल 2026

11 तकनीकी शिक्षा से खुलेंगे स्वरोजगार के द्वार : सर्राफ



12 देश में मजबूत प्रजातांत्रि प्रणाली बाबा साहेब...









## खबर संक्षेप

### कॉलेज गई छात्रा नहीं लौटी घर

**लोहारू।** लोहारू निवासी एक 21 वर्षीय छात्र लोहारू में एक कॉलेज में पढ़ने गई लेकिन कॉलेज के बाद वह घर नहीं लौटी। युवती के पिता ने लोहारू पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। लोहारू निवासी युवती के पिता ने बताया कि उसकी 21 वर्षीय बेटी लोहारू के एक कॉलेज में पढ़ती है तथा हमेशा की तरह वह घर से कॉलेज के लिए निकली थी। लेकिन दोपहर बाद वह घर नहीं पहुंची। उसकी आस पड़ोस और रिश्तेदारियों में काफी तलाश की गई लेकिन वह नहीं मिली।

### सांसद धर्मबीर सिंह आज अफसरों से करेंगे मंत्रणा

**तोशाम।** सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह बुधवार को तोशाम के लोक निर्माण विश्रामगृह में सुबह 11:00 बजे तोशाम विधानसभा क्षेत्र और लोहारू विधानसभा क्षेत्र पंचायती राज जनप्रतिनिधियों से बरसाती पानी के प्रबंधन बारे रूबरू हो कर मंत्रणा करेंगे। इस दौरान तोशाम, सिवानी, लोहारू के तीनों एसडीएम, डीडीपीओ,सभी बीडीपीओ और सिंचाई विभागों के तमाम अधिकारी गण उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी उनके सचिव पंकज शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि बरसाती पानी के स्थाई समाधान के लिए सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह तोशाम विधानसभा क्षेत्र और लोहारु विधानसभा क्षेत्र में जल संरक्षण के बेहतर संरक्षण और उसके क्रियान्वन बारे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ सयुक्त रूप चर्चा करेंगे।



### आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

**भिवानी।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में मंगलवार को इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रिंसिपल नीतीश मिश्र की देखरेख में किया गया। इस प्रशिक्षण का विषय हैप्पी क्लासरूम रहा, जिसका संचालन प्रशिक्षक एवं रिसोर्स पर्सन राहुल शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा में सकारात्मक, आनंदमय और प्रभावी शिक्षण वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रशिक्षण के दौरान राहुल शर्मा ने विभिन्न गतिविधियों, उदाहरणों और संवादात्मक तरीकों के माध्यम से शिक्षकों को बच्चों के साथ बेहतर जुड़ाव स्थापित करने के उपाय बताए।

### मंडी के बाहर ट्रैक्टरों की लगी कतार, प्रवेश नहीं मिलने पर किसान हुए लाचार

# धीमी खरीद प्रक्रियाः आढ़तियों ने मंडी के गेट पर जड़ा ताला





बवानीखेड़ा। अनाजमंडी के गेट पर ताला लगाते आढ़ती और मंडी का गेट बंद करने के बाद बाहर सड़क पर लगी ट्रैक्टरों की लाइन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा अनाजमंडी में खरीद धीमी गति से होने के विरोध में मंगलवार को आढ़तियों ने मंडी के गेट पर ताला जड़ दिया। आढ़ती गेट के बाहर ही खड़े हो गए। गेट बंद होते ही अनाजमंडी के गेट बाहर पहुंचे किसानों के ट्रैक्टरों की लंबी कतारे लग गई। करीब दो घंटे तक इसी तरह की व्यवस्था रही। उसके बाद खरीद एजेंसी हैफेड ने अपनी तरफ से खरीद में तेजी लाए जाने का भरोसा दिलाया। एजेंसी के भरोसे के बाद ही आढतियों ने मंडी के गेट पर लगे ताले को खोला। इतनी देर किसान तपती दुपहरी में अनाजमंडी के बाहर सड़कों पर लाइनों में खड़े रहे।

करीब 12 बजे के आसपास मंडी प्रधान व अन्य मौजिज मंडी के आढ़ती गेट पर पहुंचे और उन्होंने अनाजमंडी के गेट पर ताला जड़ दिया। ताला लगाने के बाद अधिकांश आढ़ती पर वहीं पर खड़े हो गए। तालाबंदी की सूचना मिलते ही मार्केट कमेटी के अधिकारी पहुंचे। उन्होंने गेट खोलने के लिए कहा, लेकिन आढ़ती खरीद में तेजी लाने की बात पर अड़े रहे। उसके बाद खरीद एजेंसी हैफेड के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे खरीद में और थोड़ी सी तेजी लाएंगे। हालांकि हैफेड एजेंसी बवानीखेड़ा में अपनी बारी के दिन मंडी में पहुंचने वाला सारे गेहूं की खरीद कर रही है,लेकिन अन्य एजेंसियों की ढिलाई की वजह से यह समस्या बनी है। वहीं खरीद एजेंसी के अधिकारियों के भरोसे के बाद आढ़ती मंडी पर लगे ताले को खोलने को राजी हुए। तब जाकर किसानों को टोकन जारी करने का कार्य फिर से शुरू हुआ। सोमवार को पूरे प्रदेश में ई खरीद पोर्टल प्रभावित रहा।

> हैफेड ने बवानीखेड़ा में अपनी बारी के दिन मंडी में पहुंचने वाला सारी गेहूं खरीदी

### मंडी के गेट पर दो घंटे ताला लगा रहने के बाद खरीद एजेंसी हैफेड ने अपनी तरफ से खरीद में तेजी लाए जाने का भरोसा दिलाया तो आढ़तियों ने खोल दिया ताला

कभी बंद तो कभी चलने की वजह से अधिकांश किसानों के गेट पास जारी ही नहीं हुए। उसके बाद ई खरीद का पोर्टल पूरी तरह से जवाब ही दे गया। शाम साढ़े तीन बजे रजिस्टर में इंट्री करके किसानों का गेहूं अनाजमंडी में डलवाया गया। सोमवार को फूड एंड सप्लाई की गेहूं खरीदने की बारी थी। पोर्टल में खराबी आने की वजह से गेहूं की खरीद नहीं हो पाई। इसके अलावा मंगलवार को किसान ओर गेहूं ले आए। जिस वजह से अनाजमंडी में गेहूं के बड़े बड़े ढेर नजर आने लगे। जिस वजह से आढ़तियों का पारा चढ़ना शुरू हो गया और उन्होंने मंडी के गेट पर ताला जड़ दिया।

#### उठान जल्द होगा शुरू

हैफेड एजेंसी के खरीद अधिकारी रामौतार कौशिक ने बताया कि हैफेड की बारी में पूरा गेहूं की खरीद की जा रही है। इस मामले में कोई ढिलाई नहीं है। आज अनाजमंडी में अन्य एजेंसियों की खरीद में ढिलाई को लेकर तालाबंदी हुई थी। अन्य एजेंसियों ने भी खरीद में तेजी लाने का भरोसा दिलाया है। जल्द ही गेहूं की खरीद के साथ साथ उठान का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

#### सात लाख बैगों की आवक में से सिर्फ 70 हजार की हुई खरीद

आढतियों ने बताया कि अभी तक बवानीखेड़ा अनाजमंडी में करीब सात लाख गेहूं के बैगों की आवक हो चुकी है,लेकिन खरीद एजेंसियों के ढिले रवैये की वजह से अभी तक केवल 70 हजार बैगों की ही खरीद हुई है। हैरानी की बात यह है कि अभी तक किसानों का खेतों में से आधा गेहूं भी नहीं पहुंचा है,लेकिन खरीद व उठान होने की वजह से मंडियों में पैर रखने के लायक भी जगह नहीं बची है। ऐसे में किस तरह से किसानों के खाते में पैमेंट जाएगी और किस तरह से भुगतान करवाया जाएगा।

## बायोमेट्रिक के विरोध में मनाया काला दिवस और फूंका सरकार का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

फसल खरीद प्रक्रिया में सरकार द्वारा लागू की गई अनिवार्य बायोमेट्रिक प्रणाली के खिलाफ किसानों का आक्रोश 7वें आसमान पर पहुंच गया है। गांव निमड़ीवाली में मंगलवार को दर्जनों किसानों ने भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य के नेतृत्व में एकत्रित होकर सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और काला दिवस मनाते हुए प्रदर्शन किया तथा भाजपा सरकार का पुतला फूंका।

इस मौके पर भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने कहा कि सरकार नित नए नियम थोपकर अन्नदाता को मंडियों में परेशान करने का काम कर रही है, जिससे फसल बेचना अब टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। आर्य ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान भाकियु के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक की शर्त केवल किसानों को प्रताड़ित करने और खरीद प्रक्रिया में देरी करने का एक हथकंडा है। उन्होंने कहा कि सरकार तकनीकी खामियों के पीछे छिपकर किसानों की मेहनत को लूटने का रास्ता बना रही है। खेतों में पसीना बहाने वाले किसान के हाथ की रेखाएं अक्सर काम के कारण घिस जाती हैं, जिससे बायोमेट्रिक मशीनें उन्हें पहचान नहीं पातीं। ऐसे में किसान अपनी ही फसल बेचने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। भाजपा सरकार डिजिटल इंडिया के नाम पर किसान को बंधुआ मजदूर बनाना चाहती है। आर्य ने चेतावनी दी कि यदि इस काले कानून को तुरंत वापस नहीं लिया गया तो यूनियन प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन शुरू करेगी।

> बायोमेट्रिक की शर्त केवल किसानों को प्रताड़ित करने और खरीद प्रक्रिया में देरी करने का हथकंडा : राकेश

उन्होंने मांग की कि बायोमेट्रिक की शर्त को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए, पुरानी जे-फॉर्म और गिरदावरी व्यवस्था के आधार पर सुचारू खरीद सुनिश्चित हो, मंडियों में उठान की प्रक्रिया तेज की जाए। यदि प्रशासन और सरकार ने जल्द ही कोई समाधान नहीं निकाला, तो आने वाले दिनों में अनाज मंडियों में काम पूरी तरह ठप हो सकता है। इस अवसर पर अनेक किसान मौजूद रहे।

## लोहारू-ढिगावा मंडी में 49 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद, मंगलवार को काटे ऑनलाइन पास

**लोहारू।** लोहारू और ढिगावा की अनाज मंडी में इन दिनों गेहूं की सरकारी खरीद जोरों पर है। सोमवार को ऑनलाइन गेट पास में दिक्कत आने के बाद मंगलवार को ऑनलाइन गेट पास काटे गए। मंगलवार को भी ऑनलाइन गेट पास में कुछ दिक्कत आई लेकिन संबंधित विभाग ने समस्या का समाधान कर दिया। मार्केट कमेटी सचिव विवेक पंघाल ने बताया कि लोहारू और ढिगावा की अनाजमंडी में मंगलवार तक एक लाख 31 हजार 198 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है तथा 49 हजार 19 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। सचिव ने बताया कि खरीद के दौरान किसानों को किसी प्रकार की समस्या नही आने दी जाएगी। मंगलवार तक 15 हजार 300 क्विंटल गेहूं का उठान भी करवाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को ई खरीद पोर्टल में कुछ समय के लिए दिक्कत आई थी लेकिन उसे जल्दी दूर कर लिया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार के पैंडिंग ऑनलाइन गेट पास भी ऑनलाइन कर दिए गए हैं।

## सड़क निर्माण में अनियमितताओं पर भड़के ग्रामीण, किया प्रदर्शन

> ग्रामीण बोले-सड़क की लेवलिंग सही नहीं, पानी निकासी की व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

- काकड़ौली-द्वारका-श्याम कलां में बनाई जा रही है सड़क
- गांव द्वारका सहित पांच गांवों के लोगों ने जताया विरोध

काकड़ौली-द्वारका-श्याम कलां मार्ग पर निर्माणाधीन सड़क को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। गांव द्वारका स्थित पावर हाउस के सामने पांच गांवों के सरपंचों व ग्रामीणों ने एकत्रित होकर सड़क निर्माण में कथित अनियमितताओं के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है और निर्धारित मानकों की खुलकर अनदेखी हो रही है। मौके पर जांच के दौरान सड़क की चौड़ाई तय 18 फुट के बजाय कम पाई गई, जबकि कई स्थानों पर निर्माण की गुणवत्ता भी कमजोर नजर आई। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की लेवलिंग सही नहीं की गई है और पानी निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं बनाई गई, जिससे भविष्य में सड़क के जल्द खराब होने की आशंका बढ़ गई है। इस दौरान कप्तान भीम सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सरपंच प्रतिनिधि वीर सिंह जाखड़ सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने ठेकेदार को मौके पर बुलाकर जवाब-तलब किया और निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि सडक़ निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया गया, तो वे आंदोलन को और तेज करने पर मजबूर होंगे। इस मौके पर सरपंच राकेश लाडावास, रमेश काकड़ोली, हु1मी, राजेश, नवीन डाडमा, सुरज भान सुलख, सुनील मोटू, मोना सुलख, बीडीसी सदस्य सुवे सिंह, बलबीर ग्रेवाल, बबलू-बिरमाण, सरपंच रमेश कमाडौं (श्याम कलां) व उमेश सागवान सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हेरोइन के साथ दो पकड़े, सप्लाई करने वाली महिला को भी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- आरोपियों के कब्जे से 10 .66 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद हुआ

पुलिस सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों सहित एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उप निरीक्षक अनिल कुमार अपनी टीम के साथ गश्त एवं पड़ताल ड्यूटी पर स्टेडियम के पास मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति ऑटो में सवार होकर मादक पदार्थ (हेरोइन) लेकर उसे बेचने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने टी-प्वाइंट, नजदीक कृषि विज्ञान केंद्र भिवानी पर नाकाबंदी की। कुछ समय बाद ऑटो सनसिटी मॉल की तरफ से आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकवाकर जांच की गई। तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों के कब्जे से 10.66 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सोनू निवासी नयागांव रामपुरा हांसी तथा सूरज निवासी चार कुतुब, हांसी के रूप में हुई है।

रिमांड अवधि के दौरान पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे उक्त मादक पदार्थ बवानी खेड़ा निवासी महिला गीता पत्नी संजय से 20,000 रुपये में खरीदकर बेचने के लिए लाए थे। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ उपलब्ध कराने के मामले में आरोपी महिला गीता पत्नी संजय निवासी बवानी खेड़ा को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### दक्षिणी-पश्चिमी दिशा से गर्म हवाएं व लू चली, लापरवाही पड़ सकती हैं भारी

# तापमान में बढ़ोतरी से बढ़ी तपन, जनजीवन प्रभावित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- मंगलवार 14 अप्रैल को तापमान 37 डिग्री पर पहुंचा

दो दिन से मौसम में गर्माहट महसूस की जा रही हैं, जिसके चलते 14 अप्रैल को अधिकतम तापमान 37 डिग्री व न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को दिनभर दक्षिणी-पश्चिमी दिशा से तेज रफ्तार से गर्म हवाएं व लू चली, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। गर्मी से बचने के लिए हल्के रंग के सूती कपड़े पहने और जहां तक संभव हो गर्मी में सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक बाहर न निकलें।

उल्लेखनीय हैं कि बार-बार बरसात होने के चलते मौसम में सुबह-शाम ठंडक थी और अचानक गत 13 व 14 अप्रैल को गर्मी ने अपना रूप दिखाया और दक्षिणी-पश्चिमी दिशा से तेज रफ्तार गर्म हवाएं व लू चली, जिससे मौसम में एकदम से गर्माहट एवं तपन महसूस होने लगी। मंगलवार 14 अप्रैल को अधिकतम तापमान 37 डिग्री व न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। वहीं विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी के मौसम में थोड़ी-थोड़ी देर में पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी व ओआरएस के घोल का सेवन करते रहे। इसके साथ ही हल्के रंग के सूती कपड़े पहने और जहां तक संभव हो गर्मी में सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक बाहर न निकलें। वर्तमान में उत्तर भारत में 3 से 6 डिग्री सेल्सियस तक तापमान का उछाल देखा जा रहा है, जिससे कई क्षेत्रों में पारा 40-44 डिग्री के पार जाने की भी चेतावनी है। भीषण लू एवं उमस के कारण अगले 4-5 दिनों तक राहत की उम्मीद कम है। वहीं अगले तीन दिन बुधवार 15 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38 व न्यूनतम 23, 16 अप्रैल को अधिकतम 39 व न्यूनमत 25 तथा 17 अप्रैल को अधिकतम 40 डिग्री व न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस होने की संभावना हैं।

## राष्ट्रीय व राज्य शिक्षक अवॉर्डी अध्यापक को पांच अंक का अधिमान देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

- 2016 से 2022 तक जितने भी ट्रांसफर ड्राइव हुए, उन सभी में अवॉर्डी शिक्षकों को लाभ दिया गया

राष्ट्रीय और राज्य शिक्षा राज्य शिक्षक कल्याणकारी संघ के जिला प्रधान श्याम सुंदर सांगवान ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मांग की है कि संशोधित शिक्षक तबादला नीति में राष्ट्रीय और राज्य शिक्षक अवार्ड से सम्मानित अध्यापकों को पांच अंक का अधिमान पूर्व की भांति देकर के अवार्ड की गरिमा को बरकरार रखा जाए।

मंगलवार को जारी प्रेस बयान में उन्होने कहा कि 2016 से लेकर के अब तक 2022 तक जितने भी ट्रांसफर ड्राइव हुए, उन सभी में अवॉर्डी शिक्षकों को पांच अंको का लाभ दिया गया था। नई तबादला नीति में किसी प्रकार का अधिमान अवार्ड प्राप्त शिक्षकों को नहीं दिया गया है जबकि पनिशमेंट का प्रावधान रखा गया है। जो की अवार्ड की गरिमा और शिक्षक समाज की प्रतिष्ठा को काम करता है। श्याम सुंदर सांगवान ने कहा की संशोधित और प्रस्तावित ड्राफ्ट में पांच अंक अपार के जोड़ने का प्रस्ताव विभाग ने किया है। इससे शिक्षक और मुखिया के संबंधों पर विपरीत प्रभाव पड़ने वाला है। इस प्रावधान को हटाकर बोर्ड परीक्षा परिणाम को महत्व प्रदान किया जाए। ताकि बेहतर परिणाम के लिए अध्यापक को प्रेरणा और ऊर्जावान बनाए रखा जा सके। इस अवसर पर उनके साथ स्टेट अवार्डी प्राचार्य राजबीर सांगवान,मदनलाल श्योरान, कँवरभान दहिया, सतीश मेचू आदि मौजूद रहे।



# परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।



## लाइफ Style

# हुमा
## सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।

एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।

## हॉलीवुड मसाला



# सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी'के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।



# टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।



# फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की सेंसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।



# कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

## टीवी मसाला




# स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

**नई दिल्ली।** एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्षा रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

## अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो

**नई दिल्ली।** अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव'रियलिटी शो में नजर आई थीं।



# इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

**मुंबई।** सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम्' में अपने 'हनुमान'वाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कॅरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पार्ट्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

**मुंबई।** वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।



## पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल


# थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज

*नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।*

**टोस्टर :** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

**भूत बंगला :** सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मटका किंग :** लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।







**द ममी :** हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द मम्मी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द मम्मी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

**अस्सी :** हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

**दो दीवाने शहर में**
एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक पिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

**यूफोरिया 3 :**
हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### तिगराना में धूमधाम से मनाई आंबेडकर जयंती

**चरखी दादरी।** तिगराना में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 135 में जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री वीरेंद्र सिंहमार द्वारा लगभग 40 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित बरामदे का लोकार्पण कर संत रविदास विकास समिति के सुपुर्द किया, इस दौरान उनके साथ प्रोफेसर ज्योति, जितेंद्र, शिवकुमार सिंहमार ,कर्मवीर दहिया आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री सुंदर अत्री नगर पालिका अध्यक्ष बवानी खेड़ा, मास्टर सतबीर, सीताराम बी डी सी अध्यक्ष भिवानी व श्री पंकज शेखावत रहे। सुंदर अत्री ने अपने संबोधन में बाबा साहब दोबारा दी गई शिक्षाओं का पालन करने व नशे से दूर रहने की सलाह दी। लगभग पूरे दिन चले रंगारंग कार्यक्रम में शिक्षा से संबंधित लगभग 100 बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर सुरेंद्र सरपंच, अजय दहिया, राजपाल गिरदावर, कंवर सेन दहिया, एडवोकेट संगीता,सौरव नरवाल, राजेंद्र थानेदार आदि मौजूद रहे।

### सेंट जेवियर्स में बैसाखी पर विशेष प्रार्थना सभा

**भिवानी।** विद्यालय में बैसाखी के शुभ अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। स्पेशल असेंबली में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह,स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और गायत्री मंत्र के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने बैसाखी के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के छात्रों ने बताया कि बैसाखी मुख्य रूप से फसल कटाई का पर्व है, जिसे विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन किसान अपनी मेहनत की फसल के लिए भगवान का धन्यवाद करते हैं। साथ ही, यह दिन सिख धर्म के लिए भी विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी। सभा के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

### बच्चों ने दी रंग-बिरंगे परिधानों में प्रस्तुतियां

**भिवानी।** मेगा माइंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल तोशाम में बैसाखी पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। प्रार्थना सभा में बच्चों ने भाषण, कविता, झांकी, नाटक व नृत्य के माध्यम से बैसाखी पर्व की महता पर विचार प्रकट किए। इसके अतिरिक्त बच्चों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में गिद्धा नृत्य प्रस्तुत कर सबका मनमोह लिया तथा अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्या मनीषा वालिया ने विद्यार्थियों को बैसाखी का महत्व बताया।

### आउट ऑफ सिलेबस प्रश्न पर विवि प्रशासन सख्त

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि में एमए अर्थशास्त्र प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के भविष्य को लेकर उठे विवाद पर विवि प्रशासन गंभीर हो गया है। दिसंबर 2025 में आयोजित परीक्षाओं में अर्थशास्त्र के सांख्यिकी के प्रश्नपत्र में सिलेबस से बाहर पूछे प्रश्नों तथा माइक्रो अर्थशास्त्र (इको-101) में सामने आई विसंगतियों के कारण प्रभावित छात्रों को न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

---

### पर्ची-खर्ची का जमाना गया, मेधावियों को मिलेंगे रोजगार के अवसर

# तकनीकी शिक्षा से खुलेंगे स्वरोजगार के द्वार : सर्राफ

**विधायक सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने हालवास गेट पर ई-लाइब्रेरी का किया उद्घाटन**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

मंगलवार को हालवास गेट इलाके में विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह, पार्षद सुभाष तंवर ने संविधान रचयिता डॉ. भीमराम अम्बेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अम्बेडकर के जीवन से शिक्षा लेकर चलने का आहवान किया। बाद में विधायक श्री सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर करीब 20 लाख रुपये की लागत से बनी ई-लाइब्रेरी का उदघाटन किया। उक्त वार्ड के पार्षद सुभाष तंवर ने वहां पर मौजूद सभी लोगों का मुंह मीठा करवाया। इस दौरान विधायक श्री सर्राफ ने अपने कोटे से उक्त लाईब्रेरी के लिए दस लाख रुपये देने की घोषणा की। ताकि क्षेत्र के बच्चे यहां पर बैठ कर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर सके। यहां यह बताते चले कि उक्त लाईब्रेरी में अब 60 बच्चे बैठ कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर सकते है और कम्प्यूटर चलाना भी सीख सकते है। इस दौरान इस जगह पर एक अतिरिक्त और कमरा बनाए जाने की भी मांग की। जिसका निर्माण जल्द ही करवाया जाएगा। इस कमरे का निर्माण होने के बाद अतिरिक्त बच्चों के बैठने के लिए जगह मिल पाएगी।

**वार्ड के पार्षद सुभाष तंवर ने वहां पर मौजूद सभी लोगों का मुंह मीठा करवाया**

विधायक सर्राफ ने कहा कि तकनीकी शिक्षा से ही स्वरोजगार के द्वार खुलेंगे। तकनीकी शिक्षा पाने वाले अपना तो रोजगार चलाएगा ही साथ में अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि अब नौकरी के लिए खर्ची पर्ची का जमाना जा चुका है। भाजपा की सरकार ने सबसे पहले इन्हीं बुराइयों पर विराम लगाया था। अब केवल मेधावियों व प्रतियोगिता परीक्षाओं में बेहतरीन तैयारी करने वालों की रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। भाजपा सरकार ने नौकरियों में पूरी तरह से पार्दर्शिता ला दी है।


भिवानी। ई- लाइब्रेरी का उदघाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### क्षेत्र के लोगों ने रखी सीवरेज की समस्या

इस दौरान इलाके के लोगों ने सीवरेज की समस्या रखी। सीवरेज का पानी आगे बहने की बजाए सड़कों पर फैल रहा है। नाले में उपर तक शिल्ट जमा है। लोगों की शिकायत के बाद विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और जल्द ही खुले नाले की जगह पाइप का नाला बानाए जाने का भरोसा दिलाया। उनका तर्क था कि पाइपों का नाला बनाए जाने के बाद उसमें गाद नहीं जम पाएगी और पानी की सही ढंग से निकासी हो सकेगी। इस दौरान नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि इस इलाके में ई लाइब्रेरी खुलने से बच्चों को बहुत ज्यादा फायदा होगा और वे प्रतियोगिता परीक्षाओं की सही ढंग से तैयारी कर सकेंगे।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद:** इस मौके पार्षद सुभाष तंवर, संदीप यादव, महाबीर, हर्षदीप डुडेजा, प्रकाश तथा लेखाकर रमेश के अलावा अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

---


भिवानी। भिवानी पहुंचने पर इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## अनाज मंडी की अव्यवस्थाओं को लेकर सरकार पर बरसे चौटाला

- भिवानी अनाज मंडी पहुंचे इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला किसानों की जानी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा की राजनीति में किसान और मंडियों का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने सोमवार को भिवानी अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अनाज मंडी में इनेलो स्थापित किए गए फसल खरीद सेवा केंद्र के माध्यम से किसानों और आढ़तियों की समस्याओं को सुना, बल्कि प्रदेश की गठबंधन सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए उसे किसान विरोधी करार दिया। चौटाला ने कहा कि प्रदेश का किसान आज दोहरी मार झेल रहा है।

#### नाजायज शर्तें हटाएं

उन्होंने ट्रैक्टर-ट्रॉली के नंबर प्लेट रजिस्ट्रेशन और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसे नए नियमों को किसानों को प्रताड़ित करने वाला बताया। अभय सिंह चौटाला ने दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि दो दिन में सरकार ने मंडियों में लगाई गई नाजायज शर्तो को नहीं हटाया तो इनेलो प्रदर्शन करने पर मजबूर होगी तथा इनेलो किसान के हित की लड़ाई में सबसे आगे खड़ी होगी। इस दौरान अभय चौटाला ने यह स्पष्ट कर दिया कि इनेलो केवल कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर उतरकर किसानों की लड़ाई लड़ेगी। इस दौरान इनेलो जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु व हनुमान गर्ग व नरेश बंसल मंडी प्रधान ने अभय सिंह चौटाला का स्वागत किया तथा अशोक ढ़ाणीमाहु ने भरोसा दिलाया कि इनेलो की जिला कार्यकारिणी मंडियों में तैनात है ।

### महिला कॉलेज निबंध प्रतियोगता में 35 ने लिया भाग

**झोझू कलां।** महिला महाविद्यालय, झोझू कलां में एन.एस.एस. यूनिट प्रथम व द्वितीय ने राजनीतिक विज्ञान विभाग के सहयोग से डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाषण व निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में लगभग 35 छात्राओं ने भाग लिया जिनमें से प्रिया, पूनम व सरस्वती ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ0 पिंकी व सुश्री बनिता ने निभाई। भाषण प्रतियोगिता में तन्नू , अन्जू व प्रिया ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

---

## पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ रही युवा पीढ़ी

- वर्तमान में हमारी युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की ओर जा रही : बलबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

गांव नौरंगाबास जाटान निवासी पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ संगठन के अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक एवं पर्यावरण प्रेमी बलबीर मलिक ने कहा कि हमारे हरियाणा की पहचान हमेशा से मोटा खानपान व सादे विचार रहे हैं।

देशां म्ह देश हरियाणा, जित दूध दही का खाना, ये सब संभव हुआ प्रकृति संरक्षण व उसके निकट रहने के चलते। वर्तमान में कहीं न कहीं हमारी युवा पीढ़ी इससे भटक रही हैं और पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ रही हैं।


चरखी दादरी। प्रकृति संरक्षण का उदाहरण पेश करते पर्यावरण प्रेमी बलबीर मलिक।

#### प्रकृति की शरण में लौटें

बलबीर मलिक ने कहा कि जब तक हम सभी प्रकृति की शरण में वापस नहीं लौटेंगे तब तक अपनी पुरानी पहचान को कायम रख पाना बहुत मुश्किल रहेगा। पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ संगठन के अध्यक्ष मलिक ने कहा कि उनका संगठन का पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत इसका ही प्रयास कर रहा है कि अधिक से अधिक लोग प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित हो, ये अत्यंत सुखद है कि अभियान का सकारात्मक प्रभाव जनता पर पड़ रहा है। हमें गर्व है की आने वाले समय में हरियाणा हरा भरा होगा, जो संगठन का सपना है।

---

## सांसद ने तोशाम अनाज मंडी पहुंच व्यवस्था देखी

- अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश
- गांव बिडौला में गेंहू के स्थान पर दिखाया गन्ना, सासंद ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ सांसद धर्मबीर सिंह सोमवार शाम को तोशाम अनाज मंडी पहुंचे। जहां उन्होंने खरीद प्रक्रिया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सांसद ने अनाज मंडी में अधिकारियों के साथ बैठक कर खरीद सुचारू करने के निर्देश दिए। वहीं इस दौरान आढ़तियों ने अपनी समस्याएं भी रखी। बता दें कि तोशाम अनाज मंडी में गेहूं व सरसों की आवक हो रही है। काफी संख्या में किसान फसल लेकर मंडी आ रहे हैं। मंडी आने वाले किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं व खरीद प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए सांसद धर्मबीर सिंह पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अनाज मंडी पहुंचे। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि उन्होंने मंडी में किसानों से भी बात की है। सांसद ने कहा कि उन्हें खुशी है कि इस बार उत्पादन अच्छा है और मंडी में गेहूं की अच्छी आवक हो रही है। उन्होंने कहा कि मंडी में लगभग सभी व्यवस्थाएं सही है और खरीद सुचारू रूप से चल रही है। जो भी छोटी-मोटी खामियां थी उनको दुरुस्त करने के निर्देश दे दिए गए हैं। इस मौके पर एसडीएम संदीप कुमार, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, मार्केट कमेटी चेयरमैन चरणदेव, मार्केट कमेटी सचिव सुदेश श्योराण, सरपंच राजेश कुमार, मास्टर अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।


तोशाम। तोशाम अनाजमंडी में किसानों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### मांगी रिपोर्ट

बिडौला के किसान द्वारा उसके खेत में गेहूं के स्थान पर गन्ना दिखाए जाने की शिकायत की। इस पर सासंद ने तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिए कि पटवारी की कार्यप्रणाली की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि इसकी रिपोर्ट दी जाए कि आखिर ये गड़बड़ कैसे हुई। सांसद ने अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मंडी में फसल बेचने आ रहे किसानों को कोई परेशानी न हो।

---

## सीबीएस विद्यालय में क्षमता निर्माण कार्यक्रम में 60 शिक्षकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

सीबीएस विद्यालय में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सीबीएस विद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में सुषमा शर्मा एवं किरण पाहवा उपस्थित रहीं।

विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप रोहिल्ला ने सभी अतिथि व्यक्तियों एवं विभिन्न जिलों हिसार, रोहतक, झज्जर, दादरी आदि से आए शिक्षकों का स्वागत किया। इस कार्यशाला में 60 अध्यापकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की और प्रशिक्षण से लाभ प्राप्त किया। शिक्षाविद कटार सिंह बेनीवाल ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में क्षमता निर्माण कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य जिन पर मुख्य रूप से चर्चा रही, उनमें सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षताओं का विकास करना, शिक्षकों के विषय ज्ञान एवं शिक्षण कौशल को सुदृढ़ करना, नवीन एवं प्रभावी शिक्षण-अधिगम विधियों से शिक्षकों को परिचित कराना, छात्र-केंद्रित एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों को प्रोत्साहित करना व शिक्षकों में चिंतनशील शिक्षण एवं सतत व्यावसायिक विकास की भावना विकसित करना मुख्य रूप से शामिल रहा। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से नरसिंह चाहर व डॉ सुरेश सिंह सोलंकी ने सभी अतिथियों, संसाधन व्यक्तियों एवं प्रतिभागी शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

## आदर्श कोचिंग सेंटर में मनाई जयंती

- देश की आजादी और नागरिकों को मिले मूलभूत अधिकार संविधान की देन

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

आदर्श कोचिंग सेंटर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में सेंटर के संचालक मास्टर आदेश वत्स और विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मास्टर आदेश वत्स ने कहा कि भारत का वर्तमान स्वरूप, देश की आजादी और नागरिकों को मिले मूलभूत अधिकार हमारे संविधान की ही देन हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज हर नागरिक को अपने विचारों की अभिव्यक्ति, कहीं भी आने-जाने, शिक्षा प्राप्त करने और देश के किसी भी कोने में निवास करने की जो स्वतंत्रता प्राप्त है।


चरखी दादरी। बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाएं

आदेश वत्स ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के संघर्षों से प्रेरणा लें और उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

---

## बाबा साहेब ने कुरीतियों को समाप्त करने का किया कार्य : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

बाग कोठी स्थित पूर्व मंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ के आवास बूथ नंबर-16 पर मंगलवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- **विधायक सर्राफ ने कार्यकर्ताओं संग अपने निवास पर मनाई बाबा साहेब की जयंती**

यह जानकारी देते पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार व समाजसेवी रिंकू ख्यालीराम ने बताया कि इस दौरान विधायक घनश्याम सर्राफ की अध्यक्षता में अनेक लोगों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक व धार्मिक क्षेत्र में ऐसे कार्य किए, जिन्हे आज भी याद किया जाता है। उन्होंने जाति-पाति, ऊंच-नीच जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का कार्य किया तथा हर व्यक्ति को शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर का मानना था कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज व देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। बाबा साहब ने सभी को बराबरी का अधिकार देते हुए संविधान में ऐसी व्यवस्थाएं की कि समाज का हर वर्ग समान रूप से आगे बढ़ सकें।

---

### दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप में दिखाया दमखम

# जीआरवी मॉडल स्कूल कराटे क्लब के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक जीत लिए

- मोनिका (13 वर्ष), स्नेहा (16 वर्ष), बादल (15 वर्ष), प्रियांशु (10 वर्ष), शिक्षा (15 वर्ष) तथा सौम्या (13 वर्ष) गोल्ड मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 11, 12 और 13 अप्रैल को ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन हुआ, जिसमें जीआरवी मॉडल स्कूल कराटे क्लब के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अनेक पदक जीते। खिलाड़ियों की उपलब्धियों से विद्यालय, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में क्लब के कुल 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से कई खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में शानदार सफलता हासिल की।


भिवानी। अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

#### स्कूल में पहुंचने पर किया स्वागत

प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता मोनिका (13 वर्ष), स्नेहा (16 वर्ष), बादल (15 वर्ष), प्रियांशु (10 वर्ष), शिक्षा (15 वर्ष) तथा सौम्या (13 वर्ष) शामिल हैं। वहीं रजत पदक विजेताओं में शिखा (16 वर्ष), शुभम (16 वर्ष), दीपेश (15 वर्ष) तथा कार्तिक (8 वर्ष) रहे। वहीं कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में निधि (16 वर्ष), हिमांशु (15 वर्ष) तथा मयंक (10 वर्ष) का नाम शामिल है। इसके अतिरिक्त मानसी और हर्षिता ने भी प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता से लौटने पर जीआरवी मॉडल स्कूल प्रांगण में सभी खिलाड़ियों एवं कोच सुनील नायक का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. एसएस विजय, निदेशिका प्रेमवती, प्राचार्य अतर सिंह व समस्त अध्यापकगणों ने फूल-मालाओं से खिलाड़ियों का अभिनंदन किया उन्होंने विश्वास जताया कि ये खिलाड़ी भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेंगे।

---

## एचडी स्कूल में आंबेडकर जयंती मनाई

- बाबा साहेब ने जो राह दिखाई, वह उजियारे का काम कर रही : बलराज फौगाट

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

बिरोहड़ के एचडी स्कूल के संस्कार सभागार में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती बड़े ही सादगी भरे और गरिमामय ढंग से मनाई गई। बाबा साहब के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस मौके पर स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने बाबा साहेब की प्रतिमा के आगे पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि बाबा साहेब ने जो राह दिखाई, वह आज भी हम सबके लिए उजियारे का काम करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना हथियार बनाकर आगे बढ़ें । उन्होंनें बाबा साहब के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित संविधान दिया, जो आज भी हमारे समाज का मार्गदर्शन करता है। उनका जीवन एक प्रेरणा है, जो हमें जातिवाद, भेदभाव और असमानता से ऊपर उठकर समाज में एकता और समानता की दिशा में काम करने की प्रेरणा देता है। प्राचार्या नमिता दास ने बाबा साहब के विचारों को छात्रों के बीच फैलाने की आवश्यकता पर संदेश दिया और बताया कि उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधारों के कारण ही आज भारतीय समाज में अनेक सकारात्मक बदलाव आए हैं।


चरखी दादरी। डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते स्टाफ सदस्य

## बाबा साहेब की जयंती पर आयोजित समारोह में बोले सांसद चौ. धर्मबीर सिंह

# देश में मजबूत प्रजातांत्रिक प्रणाली बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की देन

भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। सचिवालय परिसर में प्रतिमा स्थल का शिलान्यास करते सांसद धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि


भिवानी। रक्तदाताओं को बैज लगाते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

लघु सचिवालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर मंगलवार को डॉ. बीआर अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फूले एवं संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने यहां प्रतिमा स्थल के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया, जिसके लिए दस लाख रुपए की राशि अपने सांसद कोष से दी है। उन्होंने कहा कि भारत देश में विश्व की सबसे मजबूत प्रजातांत्रिक प्रणाली है, जो बाबा साहेब द्वारा लिखे और देश में लागू किए गए संविधान की देन है। हम विभिन्नताओं में भी एकता लिए हुए हैं और पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने सर्व समाज के लोगों से राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देने का आह्वाान किया। इस दौरान भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ समारोह में अध्यक्ष के रूप में मौजूद रहे। अपना संदेश देते हुए सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ.अंबेडकर एक महान विभूति हुए हैं, जिन्होंने संविधान में दिए गए अधिकारों के तहत समाज में समरसता लाने का काम किया। उन्होंने देश को एकता के सूत्र में पिरोया। उन्होंने सबको समान अधिकार दिए। अधिकार देने के साथ-साथ हमारे लिए वे कर्तव्य भी बताएं, जो समाज को समृद्ध बनाने में सबसे जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए, जिससे देश व समाज आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर को किसी एक जाति विशेष के साथ नहीं बांधा जा सकता।

### बाबा साहेब ने देश के लिए अनुपम संविधान की रचना की : सर्राफ

भिवानी के विधायक सर्राफ ने कहा कि बाबा साहेब ने देश के लिए अनुपम संविधान की रचना की। संविधान में दिए गए अधिकारों के अनुरूप ही देश चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमें देश को और अधिक आगे लेकर जाना है, इसके में हर नागरिक का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही आगे बढ़ने का आधार है। उन्होंने बच्चों को उच्च शिक्षित करने का आहवान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि बाबा साहेब के लिए राष्ट्र सर्वोपरि रहा। वे चाहते तो विदेश में आरामदायक जीवन व्यतीत कर सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने समाज व देश के लिए कुछ कर-गुजरने की ठानी। उन्होंने समाज में पिछड़े लोगों के उत्थान के लिए काम किया और आगे बढने की दिशा दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भी अंत्योदय की भावना के साथ काम कर ही है।

### 51 युवकों ने रक्तदान कर बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

भिवानी। भारतरत्न संविधान निर्माता डॉक्टर बीआर अंबेडकर के 135वीं जयंती पर वंचित जनजागृति ट्रस्ट, ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र एवं भाजपा मंडल झोझू समाज सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में डॉक्टर बीआर अंबेडकर धर्मशाला में रक्तदान एवं नेत्रदान शिविर का आयोजन किया। सभी ने मिलकर के उनके जन्मोत्सव को समरसता दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम के मुख्यतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मास्टर हरीश बीजना, पार्षद प्रतिनिधि अशोक थालोर, राजयोगिनी बहन वसुधा, बालयोगी महंत सुखदेवनाथ, महंत सत्यदेव, नरेश ठेकेदार, ट्रस्ट अध्यक्ष मास्टर लीलाराम, जिला प्रधान पवन कुमार, दयानंद झोझू, मास्टर सुनील व मास्टर संजू ने सर्वप्रथम डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मास्टर संजू, बिशन सिंह आर्य, मित्रसैन आर्य व नरेश जांगड़ा ने अतिथियों को पुष्प देकर अभिनंदन किया। नरेश ठेकेदार, जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर व बहन राजयोगिनी वसुधा ने रिबन काटकर रक्तदान नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन किया। मुख्यतिथि सुनील इंजीनियर ने कहा कि डॉक्टर बीआर अंबेडकर ने दुनिया का सबसे लचीला मानवतावादी संविधान लिखा। ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि अंबेडकर साहब कानून विद, समाज सुधारक, राजनीति के अर्थशास्त्र के साथ-साथ मानवतावादी दृष्टिकोण के महापुरुष थे। भाजपा मंडल झोझू के अध्यक्ष मास्टर हरीश बीजना ने अतिथियों का आभार जताया। मुख्य संयोजक मास्टर संजू व मास्टर लीलाराम विसलवास ने बताया कि 51 युवकों ने रक्तदान किया। ट्रस्ट प्रधान पवनकुमार ढाणी फोगाट, कप्तान बलवीर सिंह, दयानंद, जगदीश राय ने आभार व्यक्त किया।

### बाबा साहेब की जयंती पर गूंजा नशामुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प


भिवानी। पौधरोपण करते स्वामी युगल किशोर, ग्रुप कोऑर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ व अन्य।

भिवानी। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप ने मंगलवार को ग्रुप जिला मुख्यालय पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस दौरान नशामुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे गंभीर सामाजिक विषयों पर जन-जागरूकता का सशक्त संदेश भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप कोऑर्डिनेटर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ एवं ग्रुप लीडर सागर सज्जन सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्यतिथि के रूप में श्रीसनातन धर्म जागृति मिशन के अध्यक्ष स्वामी युगल किशोर गिरी महाराज ने शिरकत की। समारोह की शुरुआत में सह-ग्रुप लीडर सुनील वर्मा नंबरदार और परेड मास्टर हिमांशु भाटी ने मुख्यतिथि को परेड ग्राउंड का निरीक्षण करवाया। ग्रुप कोऑर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ ने एक बड़ी उपलब्धि सांझा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा जारी वार्षिक पत्रिका में हरियाणा प्रदेश से चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं द्वितीय पलवल व तृतीय स्थान कैथल को मिला। कार्यक्रम में हर्षित, देवेश, पार्थ, विवेक, मयंक, राहुल, विनय व माहिर उपस्थित रहे।

### शिविर में 22 युवाओं ने किया रक्तदान


चरखी दादरी। रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

चरखी दादरी। श्रीकृष्णा बल्ड बैंक में अंबेडकर जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से शिविर में डॉ. एमके जैन ने शिरकत की और रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। रक्तवीर परिवार व सेवा संकल्प संगठन के शिविर में 30 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए जिनमें से 22 ने रक्तदान किया। दादरी निवासी सुनीता व ज्योति ने पहली बार रक्तदान किया और अन्य महिलाओं को भी रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त रिंकू ने आठवीं, पुष्पेंद्र ने 22वीं, रोहित कल्याण ने सातवीं व ममता ने चौथी बार रक्तदान किया। युवा सूरज, मोहित, शक्ति , कपिल व जितेंद्र ने भी रक्तदान करके युवाओं को तीन महीने के अंतराल में रक्तदान करने की अपील की। शिविर की अध्यक्षता रक्तवीर परिवार संयोजक राजेश सोनी ने की। शिविर में मुख्यतिथि के तौर पर जनता कॉलेज के वाणिज्य विभाग में पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ एमके जैन ने शिरकत की। मुख्यतिथि डॉक्टर जैन ने युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया और रक्तदान को सबसे बड़ा सामाजिक कार्य बताया।

### केक काटकर बनाई बाबा साहेब की जयंती

भिवानी। गांव प्रेम नगर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सेवा समिति द्वारा बाबा साहब की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई संदीप रेलवे द्वारा मंच का सफल संचालन किया गया यहां पर आए सभी वक्ताओं ने बाबा साहब द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का संदेश दिया इस मौके पर रामकुमार, हरिकिशन, लख्मीचंद, जगपाल सिंह, मास्टर राजकुमार धानिया, मास्टर आजाद रंगा, दलवीर, नरेश ,सुरेंद्र, संदीप कुमार ,रविंद्र , ईश्वर दहिया आदि ने अपने विचार रखें।

### बहल में आंबेडकर की प्रतिमा पर अर्पित किए पुष्प

बहल। बीआरसीएम शिक्षण संस्थान के जीडीसी मेमोरियल कॉलेज, में राष्ट्रीय सेवा योजना,इग्नू स्टडी सेंटर 1079 व राजनीतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। छात्र संचित व छात्रा रीना ने भाषण के माध्यम से व नीतू ने कविता के माध्यम से बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार पिलानिया ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में भारत का संविधान तैयार किया। इस अवसर पर इग्नू स्टडी सेंटर के समन्वक रवि परमार, महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### तोशाम में मनाई डॉ. भीमराव की जयंती

तोशाम। मंगलवार को बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर तोशाम में डॉ. बी. आर. अंबेडकर भवन सेवा समिति तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चेतना विकास समिति द्वारा कार्यक्रम कर भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। बतौर अतिथि आईआरएस राजेश नाफरिया ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधान संजय नाफरिया, खजांची रामकिशन नाफरिया, भूपेंद्र भोलू, भूतपूर्व थानेदार श्यामसुंदर भानखड़, रमेश चन्द्र नाफरिया, प्राचार्य सुरेश कुमार नाफरिया, मास्टर रोहताश रंगा कंवारी व अन्य मौजूद रहे।

### डॉ. आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई

तोशाम। मगांव जूई बिचली में डॉ. भीमराव की जयंती के पावन अवसर पर संत कबीर दास शिक्षा विकास समिति द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंकित पालवास, प्रदीप गोलगढ़, मंडल अध्यक्ष सतीश वर्मा भाजपा की तरफ से सह संयोजक के रूप में सुरेंद्र मोरवाल बीडीसी सदस्य, रमेश लालावास, अक्षय सारसर उपस्थित रहे। संयोजक मास्टर अनिल कुमार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बीडीसी सुरेंद्र मोरवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### बाबा साहेब को नमन कर दी श्रद्धांजलि

चरखी दादरी। संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर भावाधस व वाल्मीकि पंच कमेटी के सयुंक्त तत्वावधान में वाल्मीकि सामुदायिक भवन में कार्यक्रम का अयोजन किया। आयोजन में बतौर मुख्यतिथि व विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार एसएचओ सिटी दादरी व रमेश कुमार एसएचओ ट्रैफिक दादरी ने सहभागिता कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। एडवोकेट विजय चैहान ने कहा की बाबा साहेब ने जहां भारत जैसे गणराज्य का सविधान लिखकर आधुनिक भारत का निर्माण किया। पार्षद विनोद वाल्मीकि ने बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब भारत के प्रथम शिक्षित व्यक्ति थे, जिन्हें 32 डिग्रियां व 9 भाषाओं का ज्ञान था। इस अवसर पर पार्षद प्रवीण सैनी, रमेश कुमार, धर्म सिंह, प्रवेश, शिवेश, श्रीभगवान, लक्ष्मण सिंह, अनिल पाल, सुनीता, रामकिशन मौजूद रहे।


चरखीदादरी। बाबा साहेब को नमन कर श्रद्धांजलि देते हुए। फोटो : हरिभूमि


भिवानी। बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बाबा साहेब लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला थे : वधवा

भिवानी। संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की आज जयंती है। भाजपाइयों ने डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कोटि-कोटि नमन किया। भारत रत्न बाबासाहेब को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने कहा कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी ने हर वर्ग को समान अधिकार और अवसरों की स्वतंत्रता देने वाला संविधान देकर हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी। उन्होंने देश की अखंडता के लिए धारा 370 का मजबूती से विरोध किया। बाबासाहेब का जीवन सिखाता है कि जब संकल्प देशसेवा और लोगों के कल्याण का हो, तब हर बाधा छोटी हो जाती है। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक तिगड़ी , अजीत तिगड़ी , भूपेंद्र तिगड़ी ,भविष्य तिगड़ी व अन्य मौजूद रहे।

## गुरु रविदास मंदिर में हुआ बाबा साहेब की जयंती पर कार्यक्रम

- डॉ. आंबेडकर के जीवन और संघर्षों को याद किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर लोहारू के गुरु रविदास मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन डॉ बीआर अंबेडकर कल्याण समिति तथा संत गुरु रविदास समिति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शुभारंभ बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया, जिसके बाद उनके जीवन और संघर्षों को याद किया गया। इससे पहले पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने गांव झुंपा में रामदेव मंदिर में नवनिर्मित एक शेड का उद्घाटन किया। पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने संविधान के माध्यम से हर वर्ग के लोगों को समान अधिकार दिलाए और भेदभाव को समाप्त करने की मजबूत नींव रखी। युवा पीढ़ी उनके आदर्शों को अपनाकर एक समतामूलक समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के महान विचारों, भारतीय संविधान निर्माण में उनके योगदान और सामाजिक समानता के लिए किए गए संघर्षों को स्मरण किया। इस अवसर पर रोहतास चौहान, नगरपालिका चेयरमैन प्रदीप तायल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


भिवानी। बाबा साहेब की जयंती पर पौधरोपण करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### पौधरोपण कर विद्यार्थियों ने मनाई आंबेडकर जयंती

भिवानी। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में मंगलवार को भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर उनके द्वारा दी शिक्षाओं को स्मरण किया। इस मौके पर बाबा साहेब की जयंती पर सह परीक्षा नियंत्रक डॉ. मधु सुदन एवं समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज तेवतिया ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया तथा महापुरूषों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज व राष्ट्र की उन्नति में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर सचिन शेखावत, रवि भारद्वाज, राहुल परमार, करण खरक, छोटू राणा व मासूम खरकिया आदि मौजूद रहे। डॉ. मधुसुदन व डॉ. मनोज ने सबको बाबा साहेब द्वारा बताए समानता के रास्ते पर चलने एवं मिलजुल कर भाईचारे से चलने का संदेश दिया। कहा कि बाबा साहेब ने हमेशा शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ समाज व राष्ट्र की तरक्की में योगदान देने का आह्वान किया।

### विकास उच्च विद्यालय में जयंती मनाई

भिवानी। विकास उच्च विद्यालय, राजगढ़ (भिवानी) में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय संविधान के जनक बाबा साहेब को माल्यार्पण कर नमन किया। प्रधानाचार्य हरिराम स्वामी और रामफल ने उनके जीवन और उनकी शिक्षाओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने के लिए समाज को प्रेरित किया। इस अवसर पर रामफल ने विद्यालय के नए भवन में बाबा साहेब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में त्रिवेणी भी लगाई और वहां उपस्थित सभी को अपने जन्मदिन पर पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।


भिवानी। स्कूल में जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक।


तोशाम। अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बापोड़ा में सर्व समाज ने मनाई आंबेडकर जयंती

तोशाम। मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने गांव बापोड़ा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा की आज हम भारत के महान संविधान निर्माता, समाज सुधारक और समानता के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मना रहे हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि शिक्षा, संघर्ष और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी कठिनाई को पार किया जा सकता है। उन्होंने समाज में फैली असमानता और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और एक ऐसे भारत की नींव रखी जहाँ हर व्यक्ति को समान अधिकार मिले। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य इमरान बापोड़ा, करतार सिंह, बिशनपाल, राजेश, बीरमा, मीनू मेंबर बोबीला, प्रदीप मेंबर, सूरजभान वर्मा, संजीव शिमली, अशोक कुमार, दिनेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### बाबा साहेब ने स्वतंत्रता संग्राम व सुधारों में दिया महत्वपूर्ण योगदान: अतिथि


चरखी दादरी। बाबा साहेब को नमन करते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

चरखी दादरी। बाबा साहेब ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता के बाद इसके सुधारों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। बाबा साहेब ने भारतीय रिजर्व बैंक के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। केंद्रीय बैंक का गठन हिल्टन यंग कमीशन को बाबा साहेब ने प्रस्तुत किया, ये बात संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर गांव धिकाड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें श्रद्धांजली देते हुए वक्ताओं ने कही। बतौर मुख्य व विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा वेद पूनिया व बूथ अध्यक्ष मास्टर ईश्वर सिंह ने सहभागिता की। अध्यक्षता गुरू रविदास विश्व महापीठ जिलाध्यक्ष एवं भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेश जाखड़ ने की। डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर दो वर्ष के थे, जब उनके पिता नौकरी से सेवानिवृत्त हो गए थे, जब वह छह वर्ष के थे तब मां का निधन हो गया था। स्कूली दिनों में ही उन्हें पता चला कि अछूत होना क्या होता हैं। इस दौरान सेवानिवृत हैड मास्टर राजकुमार, ताजवीर साहब, नितिन, केशव, दीपेंद्र जाखड़, मुस्कान, भारती, कपिल, सौरभ, विनोद पीटीआई, विनय व मयंक आदि मौजूद रहे।

### सबसे कमजोर व्यक्ति को आगे लाना ही था बाबा साहेब का मकसद : सिंधू


भिवानी। बवानीखेड़ा में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

भिवानी। मंगलवार को बवानीखेड़ा में अनेक सामाजिक संगठनों ने सविधान रचयिता बाबा साहेब डॉ. बी आर अम्बेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए। सामाजिक संगठनों द्वारा कार्यक्रम में फुटपाथ पर मोची का कार्य करने वाले राजेंद्र ने बतौर मुख्यअतिथि शामिल होकर बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित किया और पुष्प अर्पित किए। इस दौरान इतना मान व सम्मान पाकर उसकी आंखों में खुशी के आंसू झलकने लगे। उन्होंने बाबा साहेब के पक्ष जयकारे लगाए और कहा कि उनकी बदौलत आज हम समाज में समान अधिकार के साथ जी रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पार्षद अजय वाल्मीकि ने की। लोगों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक एंव हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक व धार्मिक क्षेत्र में ऐसे कार्य किए, जिन्हे आज भी याद किया जाता है। उन्होंने जाति-पाति, ऊंच-नीच जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का कार्य किया तथा हर व्यक्ति को शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा दी। डा. भीमराव अंबेडकर का मानना था कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज व देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस मौके पर पार्षद कविता भौरिया, पूर्व वाइस चेयरमैन महाबीर अत्री, पूर्व पार्षद मीना चौपड़ा, राजेश पाराशर, राजेंद्र गौरी , मनोज ग्रोवर, संजय चौहान, बनवारी नायक, अजय भौरिया, रविदास सभा के पूर्व प्रधान रोशन काजल, धर्मेंद्र बल्हारा, प्रदीप बडेसरा आदि मौजूद थे।